सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– **243**

17/03/2026

राज्यपाल से पी०आई०बी०, कोहिमा एवं नागालैण्ड के मीडियाकर्मियों के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की

पटना 17 मार्च, 2026 :– माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) से बिहार लोक भवन, पटना में पी०आई०बी०, कोहिमा एवं नागालैंड के मीडियाकर्मियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने मीडिया की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण एवं चुनौतीपूर्ण बताते हुए कहा कि वर्तमान समय में मीडियाकर्मियों के लिए निरंतर ज्ञानार्जन एवं अपने बौद्धिक क्षितिज का विस्तार करना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि प्रिंट मीडिया आज भी सूचना एवं ज्ञान का एक सशक्त और विश्वसनीय माध्यम है। मीडियाकर्मियों को अपनी तकनीकी दक्षता में सतत वृद्धि करने की आवश्यकता पर बल देते हुए उन्होंने सुझाव दिया कि वे विविध विषयों पर विश्लेषणात्मक आलेख लिखकर समाज को जागरूक करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँ।

उन्होंने मीडियाकर्मियों को अपनी तकनीकी योग्यता बढ़ाने का सुझाव देते हुए कहा कि उन्हें विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े विषयों पर विश्लेषणात्मक आलेख लिखने चाहिए।

राज्यपाल ने नागालैंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि यह राज्य अपनी विशिष्ट परंपराओं के साथ–साथ नवाचार के क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है तथा आधारभूत संरचना, शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं। बिहार के लोग काफी परिश्रमी हैं तथा सिविल सेवा सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में उनका प्रदर्शन उत्कृष्ट रहता है।

बिहार में लागू शराबबंदी के संदर्भ में उन्होंने कहा कि इस पहल का विशेष रूप से महिलाओं एवं बच्चों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। साथ ही, उन्होंने इसके सफल क्रियान्वयन के लिए सामाजिक जागरूकता को अनिवार्य बताया।

प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने बिहार भ्रमण के अपने अनुभव साझा करते हुए यहाँ की संस्कृति, आतिथ्य एवं विकास कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू भी उपस्थित थे।

....